# वृंदावन पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग में उमड़ा भतों का जनसमूह

**फगुवा लेने नंदभवन पहुंचे थे बरसाना के हुरियारें**

**आज वृन्दावन की परिक्रमा करने के लिए भी जन सैलाब उमड़ पड़ा था तथा मन्दिर भक्तों से खचाखच भरे हुए थे**





**अशफाक चौधरी**

**मथुरा।** जहां देश के अन्य भागों में रंग से होली खेलने का अभी इंतजार हो रहा है वहीं राधारानी की नगरी वृन्दावन में बुधवार से ही होली का धूम धड़ाका शुरू हो गया। वृन्दावन की प्रेम भरी होली के लिए यही कहा जा सकता है कि ऐसो रस बरसै वृन्दावन जैसो तीन लोक में नाय हाल की बरसाना की घटना से सबक लेते हुए प्रशासन द्वारा रंगभरनी एकादशी के दिन वृन्दावन में पुख्ता इंतजाम करने के कारण कहीं पर कोई अप्रिय घटना नही घटी यद्यपि आज वृन्दावन की परिक्रमा करने के लिए भी जन सैलाब उमड़ पड़ा था तथा मन्दिर भक्तों से खचाखच भरे हुए थे।

जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि कहीं पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना नही घटी क्योंकि वृन्दावन को चार जोन और 12 सेक्टर में बांटकर, वाहनो का चालन प्रतिबंधित कर मन्दिरों के प्रबंधकों से तालमेल स्थापित किया गया था। प्रमुख मन्दिरों एवं संवेदनशील स्थानो पर महिलाओं के साथ अभद्रता रोकने के लिए सादा वर्दी में पुलिसकर्मी भी लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अपार जनसमूह वृन्दावन में आज आया है उससे यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना चुनौती है पर उन्हें हर संभव सुविधा दी जा रही है।

रंगभरनी एकादशी पर वृन्दावन में की गई व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को आगरा जोन की एडीजी मैडम अनुपम कुलश्रेष्ठ ने आज वृन्दावन में मन्दिरों एवं परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं को एसएसपी शैलेष कुमार पाण्डे एवं जिलाधिकारी के साथ देखा और आवश्यक निर्देश भी दिए।

## मथुरा पुलिस की कार्य योजनाएं हुई साबित वृंदावन में शांतिपूर्ण रहा माहौल

**मथुरा।** मंगलवार को बांकेबिहारी मंदिर में हुई दुर्घटना ने बुधवार को होने वाली भीड़ की चुनौती से निपटने का अलार्म प्रशासन को दे दिया था। नतीजतन, आनन-फानन में कई कार्य योजनाएं न सिर्फ सफलतापूर्वक बनाई गईं। सुबह से ही आगरा एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ और डीएम शैलेन्द्र कुमार, एसएसपी शैलेश पांड्येय ने परिक्रमा मार्ग सहित बांकेबिहारी मंदिर का निरीक्षण किया, और अधीनस्थों को निर्देश दिए कि परिक्रमार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। दरअसल, श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर प्रशासन द्वारा तीर्थनगरी में वाहनों के बेतहाशा प्रवेश और ई- रिक्षों के बेलगाम परिचालन को खुली छूट लंबे समय से दी जा रही है। हालांकि कागजी कार्य योजनाओं से लेकर फोर्स के डिप्लॉयमेंट तक सब कुछ ठीक ठाक रहता है। बावजूद इसके ई- रिक्शों और बाहरी वाहनों के नगर के संकरे बाजारों में प्रवेश से हालात इतने बेकाबू हो जाते हैं कि स्थानीय लोगों का रोजमर्रा के कामकाज करना तक दूभर हो जाता है। मंगलवार की दुर्घटना का असर ऐसा रहा कि प्रशासन द्वारा सभी बाहरी वाहनों का न सिर्फ प्रवेश बंद कर दिया बल्कि ई-रिक्शों का अनावश्यक परिचालन भी बंद कर दिया। जिससे तीर्थनगरी की सड़कें और गलियां काफी राहत में रहीं। श्रद्धालुओं को पार्किंग से लेकर मंदिरों तक पैदल जाते देखा गया। रोहिणी से आई कालिन्दी और आनन्द ने बताया कि वे समय-समय पर वृन्दावन आते रहते हैं, यहां आकर पैदल चलना तीर्थ की ऊर्जा को आत्मसात करने जैसा है। ई-रिक्शों के परिचालन को रोककर पुलिस ने नगर की व्यवस्थाओं को काफी राहत दी है। वहीं दूसरी ओर परिक्रमा में उमड़े जनसैलाब तथा मथुरा-वृन्दावन मार्ग के ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए आरएसएस के नगर प्रमुख संजय शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अटल्ला चुंगी चौराहे पर पुलिस के सहयोग में मोर्चा संभाला।

## मथुरा डीसीआरबी प्रभारी के पुत्र बने सब इंस्पेक्टर, बदायूं का नाम किया रोशन



**अशफाक चौधरी**

**मथुरा।** विदित रहे कि जनपद मैनपुरी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर नरेंद्रपाल सिंह पी. आर. ओ के पद पर तैनात रहे। उसके बाद पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार थाना बिछ्वा थाना बरनाहल, थाना घिरोर प्रभारी के पद पर कार्य करते हुए। मैनपुरी पुलिस लाइन से जनपद मथुरा में जिला अपराध (डी.सी.आर.बी) प्रभारी के पद पर वर्तमान में कार्यरत है।

प्रभु भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा से नरेंद्रपाल सिंह सोलंकी के पुत्र आशीष कुमार सिंह सोलंकी ने चुनार जिला मिर्जापुर से सब इंस्पेक्टर का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा वर्तमान में जनपद मेरठ रेलवे रोड पर तैनाती दी गई है।

**▸▸ आज हमारा पुत्र उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में कार्यरत हो गया है**

आशीष कुमार सोलंकी मूल रूप से जनपद बदायूं के ग्राम विलाहत (कुंडला) थाना सेनाबर जनपद बदायूंके रहने वाले है। प्रशिक्षण करने के पश्चात् ग्रह जनपद स्टेशन पर परिवारी जन और ग्राम वासियों ने फूल मालाए पहनाकर भव्य स्वागत किया। जिला अपराध शाखा डीसीआरबी मथुरा प्रभारी नरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि प्रभु भोलेनाथ की असीम कृपा से और हमारे सतत आशीष कुमार की माता विमलेश सोलंकी के आशीर्वाद से आज हमारा पुत्र उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में कार्यरत हो गया है। हमारे शुभ चिंतकों और हमारे साथियों ने हमारे पुत्र को शुभ आशीर्वाद दिया। और हमारी ही तरह हमारा पुत्र भी पुलिस विभाग में रहकर प्रदेश जनता की सेवा करेगा।

## सामान्य चुनाव में सम्बंधित अधिकारियों को सौपा गया दायित्व

**अयोध्या :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बंध में विभिन्न प्रकार के कार्यो को ससमय एवं दक्षतापूर्वक निष्पादन हेतु चुनाव कार्यालय में सम्बद्व अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन जिलाधिकारी/जिलानिर्वाचन द्वारा किया गया। जिसमें अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंशुमान सिंह मैनपावर मैनेजमेंट, ट्रेनिंग मैनेजमेंट, मैटीरियल मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट तथा जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौपे गये अन्य कार्य का भी निर्वाह्न करेंगे। तथा अपर उप जिलाधिकारी सदर अरविन्द कुमार को कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी एण्ड आईटी, स्वीप, कानून व्यवस्था, वी.एम., सिक्योरिटी प्लान, ईवीएम मैनेजमेंट, एमसीसी, एक्सपेंडिचर मानीटरिंग तथा जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौपे गये अन्य कार्य देखेंगे। सहायक अभिलेख अधिकारी राम प्रसाद त्रिपाठी को बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट, ईटीपी बीएस, मीडिया, कम्नीकेशन प्लान, इलेक्ट्रॉल रोल, कम्पलेन रिड्रेसशल एण्ड वोटर हेल्पलाइन आबर्जबर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौपे गये अन्य कार्य का भी निर्वह्न करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## राधा रानी की नगरी वृन्दावन में हो रही प्रेम भरे रंग की वर्षा

**रंगभरनी एकादशी पर बिहारीजी में बरसा कुंतलों अबीर गुलाल, रंगों से सराबोर हुए श्रद्धालु**

**अशफाक चौधरी**



**दर्शन समय में हुआ ऐतिहासिक फेदबदल, 6 बजे हुए श्रंगार दर्शन**

**मथुरा।** वृन्दावन बांकेबिहारी मंदिर में आज जमकर रंग बरसे गुलाल और अबीर के उड़ने से मंदिर होलीमय हो गया। इस बार गैस वाले रंगों का प्रयोग बिहारी जी मंदिर में नहीं हुआ। रंगभरनी एकादशी पर सुबह से शाम तक ठाकुर बांकेबिहारी होली खेलते रहे।

बांके बिहारी मन्दिर, सप्तदेवालयों विशेषकर राधा रमण मन्दिर समेत सभी मन्दिरों में पहले श्यामसुन्दर ने किशोरी जी के साथ गर्भगृह में केशर मिश्रित टेसू के रंग से होली खेली और उसके बाद यही रंग भक्तों में प्रसादस्वरूप डाला गया। राधा दामोदर मन्दिर के सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम स्वामी ने बताया कि उनके मन्दिर में मंगलवार शाम से ही होली शुरू हो गई थी।उन्होंने बताया कि गोविन्द देव मन्दिर में जहां आज से रंग की होली शुरू हुई वहीं मदनमोहन मन्दिर में अष्टमी से ही रंग की होली शुरू हो गई थी। राधा श्यामसुन्दर में गुरूवार से तथा गोपीनाथ मन्दिर में 23 मार्च से रंग की होली शुरू होगी। बांकेबिहारी मन्दिर के सेवायत आचार्य ज्ञानेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि मन्दिर के अन्दर गुलाल ले जाने पर रोक के मन्दिर प्रबंधन के आदेश का पुलिस द्वारा सख्ती से पालन कराना सुनिश्चित करने के कारण मन्दिर के अन्दर भक्तों को ठाकुर के न केवल साफ दर्शन मिल सके बल्कि गुलाल के न चलने से भक्तों को घुटन का भी अनुभव नही हुआ। मन्दिर में सुबह से ही टेसू का रंग चल रहा है।शयन भोग के दर्शन खुलते ही आज पहले श्यामाश्याम ने कई कुंतल फूलों की होली खेली तथा बाद में प्रसादस्वरूप इन्हें भक्तों पर डाला गया। ठाकुर को सुबह जहां हलुआ और अघौटा ( एक प्रकार की रबड़ी) का भोग लगाया गया था वहीं शाम को गुझिया और ठंढ़ाई का भोग लगाया गया था।उन्होंने बताया कि 24 मार्च की शाम तक मन्दिर मे रंग की वर्षा होती रहेगी किंतु 25 मार्च की सुबह से मन्दिर के अन्दर रंग नही चलेगा।

राधा दामोदर मन्दिर के सेवायत आचार्य दिनेश चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि आज मन्दिर में सुबह जहां गुलाल की सतरंगी होली हुई वहीं शाम से टेसू के रंग की वर्षा हो रही है। इस मन्दिर की यह विशेषता है कि ठाकुर और उनके सखा राधारानी के साथ जब रंग खेलते है। तो पूरे श्रंगार के साथ रंग खेलते हैं।इस मन्दिर में होली में भी शुचिता के जीवन्त दर्शन होते हैं।उधर वृन्दावन की परिक्रमा करने की होड़ लगी हुई है। कुल मिलाकर वृन्दावन में आनन्द रस के अनुठे रंग की अनवरत वर्षा हो रही है। गौरतलब है कि मंगलवार से कहीं अधिक भीड़ बुधवार को रंगभरनी एकादशी के दौरान रही। जिससे कहीं अधिक बेहतर तरीके से प्रशासन ने निपटने की योजना बनाई। यदि ऐसी ही कारगर और केंद्रित योजनाएं प्रशासन अमल में लाए तो दर्शनों की जद्दोजहद और भीड़ का भूत दोनों पर ही नियंत्रण किया जा सकता है।

## जनपद भर में 25 को बल्देव में 26 को भी बंद रहेंगी शराब-भांग की दुकानें

**अशफाक चौधरी**

**मथुरा।** होली पर्व पर के दृष्टिगत 25 मार्च सोमवार को जनपद में देशी-विदेशी शराब, बीयर व भांग की दुकानें शाम 5 बजे तक बंद रहेंगी। इसके अलावा कस्बा बल्देव में हुरंगा के चलते उक्त दुकानें 26 मार्च मंगलवार को भी सांय 7 बजे तक बंद रहेंगी। उक्त आशय के निर्देश जिला मजिस्ट्रेट/लाइसेंस प्राधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा होली के अवसर पर होने वाले हुरदंग को दृष्टिगत रखते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर दिये गये है।

संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जारी निर्देशों में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जनपद की देशी, विदेशी मदिरा एवं बीयर की फुटकर दुकानें, माडलशाप्स एवं एफएल-6 बार अनुज्ञापन, सैन्य इकाइयों के एफ एल-9/9ए, एफएल-49 अनुज्ञापन, एमबी-1 अनुज्ञापन (माइको ब्रिबरी) एवं भांग की समस्त दुकानें पूर्णतः बन्द रहेंगी। इसके अतिरिक्त कस्बा बल्देव स्थित देशी/विदेशी मदिरा/बीयर एवं भॉग की फुटकर दुकानें यहां आयोजित हुरंगा के चलते पूर्णतः बन्द रखी जाएंगी। इस दौरान जनपद में होने वाली किसी भी प्रकार की अवैध शराब एवं जहरीले पेय पदार्थो की बिकी होने की स्थिति में क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक व क्षेत्रीय पुलिस उप निरीक्षक संयुक्त रूप से उत्तरदायी होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कुंज में विराजमान होकर द्वारिकानाथ ने भक्तों पर बरसाया रंग, देश-विदेश से आए श्रद्धालु





**मथुरा।** प्रसिद्ध द्वारिकाधीश मंदिर में आज होली के रसियाओं के बीच प्रभु द्वारिकानाथ ने बड़ी-बड़ी पिचकारियों से भक्तों संग होली खेली। रंगभरनी एकादशी के पावन पर्व पर हुए इस आयोजन में देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। होली के रसियाओं पर नाचते गाते श्रद्धालु रंगों में सराबोर नजर आए। आज मंदिर में भारी भीड़ देखने को मिली। हर कोई मंदिर के अंदर से पुजारी द्वारा चलाई जा रही पिचकारी के रंग को अपने ऊपर डलवाने में अपने को धन्य समझ रहे थे। मंदिर में होली के रसियाओं का गायन रसिया मंडल द्वारा किया जा रहा है मंदिर के मुखिया सुधीर कुमार द्वारा सभी भक्तों पर पिचकारी से रंग डाला गया। पूरे मंदिर में अबीर और गुलाल बरस रहा था। रंग बिरंगे इस अनूठे आयोजन में द्वारिकाधीश प्रभु के आगे नाचते गाते भक्त आनंद ले रहे थे। राजभोग के दर्शनों के उपरांत यह आयोजन हुआ। ढप के साथ मत मारै द्रगन की चोट, रसिया होरी में मेरे लग जाएगी। के अलावा और भी चुटीले रसिया भक्तों को नाचने पर मजबूर कर रहे थे। पूरा मंदिर प्रांगण रंग गुलाल से सराबोर हो रहा था। मंदिर के अंदर यह क्रम अभी निरंतर जारी रहेगा। कल प्रातः दस बजे से ग्यारह बजे तक प्रभु द्वारिकानाथ होली खेलेगें। आज कुंज में विराजमान प्रभु के रंग गुलाल डलने के मध्य दर्शन करने के लिए श्रद्धालु आतुर रहे। बसंत पंचमी से मंदिर के अंदर रसियाओं का गायन गुलाल का उड़ना और आज से रंग बिरंगी होली शुरू हो गई है।

## बसपा से लोकसभा प्रत्याशी होंगे पंडित कमलकांत उपमन्यु

**राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने दिया पुनः उम्मीदवार का आशीर्वाद, मथुरा लोस में बसपा भाजपा की होगी सीधी टक्कर**

**अशफाक चौधरी**



**▸▸ 1999 में भी बसपा के प्रत्याशी रहे थे पंडित कमल कांत उपमन्यु**

**▸▸ पंडित उपमन्यु के प्रत्याशी बनते ही धार्मिक नगरी मथुरा में हुआ रोचक मुकाबला**


**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी से मथुरा में पंडित कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट को बसपा का लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। ज्ञात रहे 1999 में बसपा से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं पंडित कमलकांत उपमन्यु छावनी परिषद मथुरा के पूर्व पार्षद पूर्व वाइस चेयरमैन एवं सिविल एरिया और फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा अधिवक्ता भी है।

श्री कमल कांत उपमन्यु एडवोकेट के बसपा से मथुरा में प्रत्याशी बनने के बाद रोचक राजनीतिक मुकाबला होगा और भाजपा बसपा की अब टक्कर के आसान नजर आ रहे। उल्लेखनीय है गत नगर निगम के महापौर के चुनाव में भाजपा बसपा की शहर में सीधी टक्कर हुई थी तथा जिले की पांच विधानसभा सीटों में से चार पर बसपा के प्रत्याशी विजयी होकर एमएलए रह चुके हैं तथा गत जिला पंचायत चुनाव में बसपा नंबर वन पार्टी बनकर उभरी थी। अनेक बार जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर बसपा उम्मीदवार अध्यक्ष निर्वाचित हो चुके हैं। भाजपा की तरह हर बूथ पर बसपा का भी केडर वोट है। इसलिए मथुरा जिले की सीट पर बसपा उम्मीदवार को कम नहीं आंका जा सकता है यहां भाजपा और बसपा में अब सीधा मुकाबला होगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा श्रीउपमन्यु को बुलाकर के आशीर्वाद दे दिया है। प्रख्यात अभिनेत्री गत दो बार से मथुरा से भाजपा से सांसद हैं जिससे जनता में न मिलने और ज्यादा समय मथुरा में ना रहने के कारण उनके प्रति तीसरी बार प्रत्याशी बनने पर ब्रजबासियों को निराशा हुई है। आज लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती से मुलाकात के समय पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली खान एवं आगरा मंडल के कोऑर्डिनेटर पूर्व कैबिनेट मंत्री गोरेलाल जाटव एवं जिला मथुरा के अध्यक्ष गोवर्धन सिंह और जिला प्रभारी धारा सिंह आजाद चुनाव प्रभारी हेमेंद्र सिंह ब्राह्मण समाज के नेता प्रमोद शर्मा एवं सुनील शर्मा भी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय जाट महासभा ने किया जयंत का स्वागत, आरक्षण दिलवाने की मांग

**अशफाक चौधरी**



**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी ने रालोद मुखिया सांसद जयंत चौधरी का स्वागत करते हुए उन्हें जाट समाज जो आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ा है। जिस बात से आप भी पूर्ण रूप से सहमत है। चौधरी साहब 53 प्रांतो में जाटों को राज्य स्तरीय आरक्षण मिला हुआ है। लेकिन राजस्थान को छोड़कर शेष राज्यों में केंद्र में आरक्षण नहीं है।

पिछले 50 वर्षो से केंद्र को सरकार आश्वाशन दे रही है? लेकिन उस पर अमल नहीं हो पा रहा है। किसान नेता स्व चौधरी अजित सिंह के प्रयासों से पहले राज्यों में तथा यूपीऐ 2 में जाटों को केंद्र में भी आरक्षण मिला था। लेकिन कारण चाहे जो भी रहे हो लेकिन सरकार में हमारा केंद्र में मिला आरक्षण रद्द हो गया। चौधरी अजित सिंह इस अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए आप भी अब छक। सरकार का हिस्सा हैं। इस नाते आपसे अनुरोध है कि जाट समाज को केंद्र में आरक्षण देने की मांग करें। यह हमारे समाज के भविष्य के लिए अति आवश्यक है।

## दो लोगों के सत्यापित किए बगैर नहीं कर सकेंगे पैम्पलेट पोस्टर का प्रकाशन

**मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद मथुरा के समस्त मुद्रणालय को पैम्फलेट, पोस्टर आदि के मुद्रण के संबंध में कहा है कि दो लोगों के सत्यापित किये बगैर पैम्फलेट या पोस्टर का प्रकाशन न करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण नहीं करेगा या मुद्रित नहीं करायेगा, जब तक कि प्रकाशन की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिग रूप से जानते हों, द्वारा सत्यापित न हो। उन्होंने कहा है कि कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवायेगा, जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशन का नाम व पता न लिखा हो। निर्वाचन अधिकारी ने कहा है मुद्रक द्वारा दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात तीन दिनों के अंदर संलग्न प्रारूप पर सूचना भरकर दस्तावेज की 4 प्रति प्रकाशक द्वारा दिए गये घोषणा पत्र के साथ रिटर्निंग आफिसर को अनिवार्य रूप से भेजी जाए। उक्त निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जाए। आयोग के अनुदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर लठमार होली की मची धूम, भतों ने उठाया सांस्कृति कार्यक्रमों का आनंद

**श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच हुरियारिनों ने बरसाएं लट्ठ, अलौकिक होली में जमकर भक्तों ने लिया आंनद**

**अशफाक चौधरी**





**मथुरा।** बरसाना-नंदगांव के बाद बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर होली का आनंद बरसा। रंगभरनी एकादशी पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर ठाकुरजी ने भक्तों के साथ होली खेली। मंदिर परिसर में फूल, गुलाल और लठामार होली का भव्य आयोजन किया गया।

इससे पूरा परिसर होली के रंगों से सराबोर हो गया। अपने आराध्य की दिव्य होली के साक्षी बनने के लिए दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। कई प्रदेशों से आए कलाकारों ने रसिया, होली गीतों और नृत्य प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में ब्रज के रसिक कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर प्रिया-प्रियतम की होली लीला की साक्षात अनुभूति कराई। कई प्रदेशों से आए कलाकारों ने मंच पर रसिया, होली गीत और नृत्य प्रस्तुत कर कान्हा के भक्तों मंत्रमुग्ध कर दिया। जन्मभूमि पर ब्रज की होली लीला, हरियाणा के घूमर, फाग, राजस्थान के लोकगीत और नृत्य का संगम देखने को मिला। ब्रज के चरकुला नृत्य और बंब रसिया की प्रस्तुति से भक्तों का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में बने मंच पर राधाकृष्ण के स्वरूपों ने पूलों की होली खेली।

सतरंगी पुष्पवर्षा के मध्य फूल होली के दर्शन अत्यंत मनोहारी और संजीव थे। इस अलौलिक होली का भक्तों ने भी जमकर आनंद लिया। हुरियारे और हुरियारिनों ने लठामार होली खेली। रंग-गुलाल के बीच हुरियारिनों की प्रेम पगी लाठियां हुरियारों पर बरसने लगीं। हुरियारिनों की लाठियों से बचने को ढाल लिए घुटने के बल बैठने को मजबूर थे। लठामार होली के दौरान यहां सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी भी नहीं बच सके। हुरियारियों ने पुलिसकर्मियों पर प्रेमपगी लाठियां बरसाई। पुलिसकर्मियों को लाठियों से इस तरह पिटते देख वहां मौजूद लोग ठहाके लगाते और होली का आनंद लेते रहे।